Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 19-12-2006

Participants : Koli Shri Ramswaroop

>

Title: Need to extend Dholpur-Tantpur narrow gauge line upto Rupawas and construct new railway line linking Dholpur and Sawai Madhopur in Rajasthan.

श्री रामस्वरूप कोली (बयाना) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र धौलपुर राजस्थान की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत **धौलपुर** से तांतपुर नेरोगेज लाइन को रूपवास तक विस्तार करने तथा धौलपुर से बाड़ी, सरमथुरा, करोली, गंगापुर, सिटी होते हुए सवाई माधोपुर तक रेल मार्ग बनाये जाने की तीव्र आवश्यकता है, यह मार्ग सवाई माधोपुर से बोम्बे लाईन से जोड़ा जाये, क्योंकि यह मार्ग, रेल मार्ग विहीन है और इस क्षेत्र की जनता पिछले कई वर्ाो से रेल लाइन की मांग कर रही है।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध हे कि उपरोक्त कार्य को शीघ्र करने के आदेश पारित किया जाये, जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र की गरीब जनता को शहर में जाकर रोजगार का अवसर मिल सके और कम किराये में बेहतर रेल सुविधा भी उपलबध हो सके।